3

''मैं क्या करूं?''

जब पतरस ने यीशु का प्रचार किया, तो उसके सुनने वाले पुकार उठे, ''हे भाइयो, हम क्या करें?'' (प्रेरितों 2:37)। जब मसीह ने शाऊल को दर्शन दिया, तो शाऊल ने पूछा, ''हे प्रभु मैं क्या करूं?'' (प्रेरितों 22:10)। जब फिलिप्पी दारोगा बड़ी मुश्किल से मृत्यु से बचा, तो उसने पौलुस और सीलास से कहा, ''हे साहिबो, उद्धार पाने के लिए मैं क्या करूं?'' (प्रेरितों 16:30)। आपके मन में इससे अधिक और कोई महत्वपूर्ण प्रश्न नहीं आ सकता कि: ''मैं क्या करूं?''

कुछ करने के लिए

शायद आपको पहले यह तय करना चाहिए कि यदि आप उद्धार पाने के इच्छुक हैं तो आपको कुछ करना पड़ेगा। मसीह सारी मनुष्यजाति के लिए मरा (तीतुस 2:11), परन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि उद्धार सभी का होगा। यीशु ने उन दो मार्गों की बात की है जिन पर लोग चलते हैं: सकरा मार्ग ''जो जीवन को पहुंचाता है'' और चाकल मार्ग ''जो विनाश को पहुंचाता है।'' उसने ज़ोर देकर कहा कि चौड़े मार्ग पर जाने वाले ''बहुतेरे'' हैं और ''थोड़े'' हैं जो तंग मार्ग पर जाते हैं (मत्ती 7:13, 14)। अन्य शब्दों में, बहुतेरों का नाश होगा, जबकि उसकी तुलना में बहुत कम का उद्धार होगा।

उद्धार एक दान है, परन्तु दान को स्वीकार अथवा अस्वीकार किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति निर्णय लेता है कि उसने परमेश्वर के अनुग्रह के दान को स्वीकार करना है अथवा अस्वीकार। मत्ती 7 में यीशु की बात में ऐलान है कि परमेश्वर के दान को स्वीकार करने के बजाय बहुतेरे लोग उसे अस्वीकार कर देते हैं।

हम उद्धार के दान को स्वीकार कैसे कर सकते हैं? परमेश्वर अपने वचन में बताता है कि हम इसे *आज्ञाकारी विश्वास* के द्वारा स्वीकार करते हैं। मसीह ने कहा, ''जो मुझ से, हे प्रभु, हे प्रभु, कहता है, उनमें से हर एक स्वर्ग के राज्य में प्रवेश न करेगा, परन्तु वही जो मेरे स्वर्गीय पिता की *इच्छा पर चलता है*'' (मत्ती 7:21)। इब्रानियों की पुस्तक के लेखक ने, यीशु के सम्बन्ध में लिखा, कि वह ''अपने सब *आज्ञा मानने* वालों के लिए सदा काल के उद्धार का कारण हो गया'' (इब्रानियों 5:9)।

कई लोग इस पर भी आपत्ति करते हैं। वे कहते हैं कि यदि उद्धार पाने के लिए लोगों को कुछ *करना* है, तो उद्धार फिर अनुग्रह के द्वारा नहीं होगा। स्पष्ट रूप से हमें यह समझ लेना चाहिए कि हम आज्ञाकारिता से अपना उद्धार *कमाते* नहीं हैं। बल्कि, आज्ञाकारिता के

द्वारा, हम प्रभु के द्वारा उपलब्ध कराये गए उद्धार को *अपना* लेते हैं।

कमाने और *अपनाने* में क्या अन्तर है? नीचे दिया गया उदाहरण इस अन्तर को समझने में सहायक हो सकता है:

एक आदमी किसी के घर का द्वार खटखटाता है। द्वार पर एक औरत के आने पर वह कहता है, ''मुझे बहुत भूख लगी है। क्या आपके पास मेरे करने के लिए कोई काम है जिससे कि मैं अपने लिए भोजन कमा सकूं?'' औरत उत्तर देती है, ''पीछे के आंगन में कुछ लकड़ियां काटने के लिए पड़ी हैं। यदि तुम लकड़ियां काट दो तो तुम्हें खाना मिल सकता है।'' आदमी लकड़ियां काटता है और अन्त में भोजन खाने के लिए बैठ जाता है। मैं आप से पूछता हूं: भोजन खाते हुए, क्या उसे यह लगेगा कि उसने भोजन कमाया है? बेशक, उसको यही लगेगा।

मैं कहानी को बदलता हूं: एक आदमी किसी घर का द्वार खटखटाता है। द्वार पर एक औरत के आने पर वह कहता है ''मुझे बहुत भूख लगी है। क्या आपके पास मेरे करने के लिए कोई काम है जिससे मैं भोजन कमा सकूं?'' औरत उत्तर देती है, ''मैंने अभी मेज़ पर बहुत सा खाना लगाया है, जितना मैं खा सकती हूं, उससे कहीं अधिक। अन्दर जाओ, बैठो और जो कुछ खाना चाहो खा लो।'' आदमी प्रसन्नता से उसका निमन्त्रण स्वीकार कर लेता है और जल्दी ही उस भोजन का आनन्द लेने लगता है जो उस औरत ने बनाया था। अब, मैं फिर पूछता हूं: क्या इस आदमी ने भोजन कमाया? बिल्कुल नहीं। यह ''अनुग्रह के द्वारा'' एक दान था। उसने उसे *अपनाया* अर्थात स्वीकार किया था।

उसने इसे कैसे अपनाया? उस औरत के निमन्त्रण को स्वीकार करके, उसके घर में आने और उसकी मेज़ पर बैठने और भोजन खाने के द्वारा। यदि वह इसे *न* अपनाता अर्थात स्वीकार न करता तो? यदि उसने यह कह दिया होता कि ''नहीं, शुक्रिया'' और अपने मार्ग चला गया होता तो क्या होता? यदि वह घर में चला जाता परन्तु खाने से इन्कार कर देता तो क्या होता? स्पष्टत, उसे उस औरत की उदार भेंट का लाभ न मिल पाता। (हां, मैं जानता हूं कि इस प्रकार के उत्तर मूर्खता भरे लगते हैं, परन्तु लोग हर बार प्रभु के निमन्त्रण [प्रकाशितवाक्य 3:20] को अस्वीकार करते हैं, और यह उससे भी बड़ी मूर्खता है।)

हम अपना उद्धार कमा नहीं सकते, परन्तु विश्वास और आज्ञाकारिता के द्वारा हम परमेश्वर के दान को *अपना* सकते हैं और हमें अपनाना भी चाहिए। अध्ययन जारी रखने के साथ-साथ यह स्पष्ट किया जाएगा कि विश्वास और आज्ञाकारिता में क्या बातें सम्मिलित हैं।

हम क्या करें

जब यीशु ने अपने चेलों (अर्थात अनुयायियों) को ग्रेट कमीशन अथवा महान आज्ञा दी, तो उसने कहा, ''तुम सारे जगत में जाकर सारी सृष्टि के लोगों में सुसमाचार का प्रचार करो। जो विश्वास करे और बपतिस्मा ले उसी का उद्धार होगा, ...'' (मरकुस 16:15, 16)। पौलुस ने कहा कि ''विश्वास सुनने से, और सुनना मसीह के वचन से होता है'' (रोमियों 10:17)। उसने यह भी कहा कि सुसमाचार (अर्थात यीशु का शुभ समाचार[1]) ''परमेश्वर

की सामर्थ है'' (रोमियों 1:16)। उद्धार यीशु और उसके मार्ग को सीखने के साथ आरम्भ होता है। एक व्यक्ति के लिए ध्यान से सुनने वाला या पढ़ने वाला, एक ज़िम्मेदार और उत्तरदायी विद्यार्थी होना आवश्यक है। इस पाठ के शेष भाग में, हम सुसमाचार के लिए तीन आवश्यक उत्तरों पर विचार करेंगे।

यीशु में विश्वास लायें

पहला उत्तर विश्वास है: ''विश्वास सुनने से होता है।'' यूहन्ना 3:16 में विश्वास के महत्व पर ज़ोर दिया गया था: ''क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए।'' प्रेरितों 16:31, रोमियों 5:1, और इफिसियों 2:8, 9 उन अनेक आयतों में से हैं जो सिखाती हैं कि मसीहियों का उद्धार विश्वास से होता है। यीशु ने कहा कि ''यदि तुम विश्वास न करोगे कि मैं वही हूं [अर्थात, मसीह[2]], तो अपने पापों में मरोगे'' (यूहन्ना 8:24)।

उद्धार दिलाने वाला विश्वास क्या है? उद्धार दिलाने वाले विश्वास को ''*भरोसा*'' शब्द से व्यक्त किया जा सकता है: उद्धार पाने के लिए हमें अपनी अच्छाई में भरोसा रखने जैसी बात को छोड़कर यीशु मसीह के बलिदान में भरोसा रखना आरम्भ करना होगा।[3]

हम विश्वास की आवश्यकता पर अति बल नहीं दे सकते। विश्वास प्रभु के हर दूसरे सकारात्मक उत्तर के लिए एक आधार है। यूहन्ना 1:11, 12 में, हम पढ़ते हैं कि यीशु ''अपने [लोगों, अर्थात यहूदियों के] घर आया और उसके अपनों ने उसे ग्रहण नहीं किया। परन्तु जितनों ने उसे ग्रहण किया,[4] उसने उन्हें परमेश्वर के संतान होने का अधिकार दिया, अर्थात उन्हें जो उसके नाम पर विश्वास रखते हैं।'' ध्यान दें कि ''ग्रहण'' और ''विश्वास'' शब्द का उपयोग अदल-बदल कर किया गया है। हम यीशु को अपने जीवन में उस पर *विश्वास करने* के बिना *ग्रहण* नहीं कर सकते हैं।

दुर्भाग्य से, कई लोग विश्वास को अलग कर देते हैं और सिखाते हैं कि हमारा उद्धार ''केवल विश्वास से'' होता है। विश्वास हमारे उत्तर का आरम्भ है, अन्त नहीं। यूहन्ना 1:11, 12 फिर से पढ़िये। ग्रहण/विश्वास करने वालों को ''परमेश्वर के संतान *होने का अधिकार*'' दिया गया था। मेरी पत्नी और मैंने शादी से पहले, शादी का लाइसेंस ले लिया था। उस लाइसेंस ने हमें शादी करने का अधिकार दे दिया था; इसका अर्थ यह नहीं था कि हमारी शादी पहले हुई थी। इसी प्रकार से विश्वास हमें उद्धार के मार्ग पर लाता है; यह यात्रा का अन्त नहीं है। हम विश्वास से उद्धार पाते हैं, परन्तु *केवल* विश्वास से नहीं।

उद्धार दिलाने वाले विश्वास को उस विश्वास की अभिव्यक्ति से अलग नहीं किया जा सकता। इसे यूहन्ना 3 द्वारा चित्रित किया जा सकता है। जैसा कि हमने पहले ही देखा था कि, आयत 16 विश्वास की अनिवार्यता पर ज़ोर देती है। अब उस अध्याय की अन्तिम आयत पढ़िये: ''जो पुत्र पर *विश्वास* करता है, अनन्त जीवन उसका है; परन्तु जो पुत्र की नहीं *मानता,* वह जीवन को नहीं देखेगा, परन्तु परमेश्वर का क्रोध उस पर रहता है'' (आयत 36)। यह नये नियम के स्थानों में से एक ऐसा स्थान है जहां ''विश्वास'' और

''आज्ञाकारिता'' के विचार अदल-बदल कर दिए गए हैं। (रोमियों 10:16 भी देखिए।) उद्धार के लिए विश्वास के साथ आज्ञाकारिता आवश्यक है।

बाइबल में केवल एक ही स्थान है जहां वाक्यांश ''केवल विश्वास'' (या ''अकेला विश्वास'') मिलता है वह है याकूब 2:24, जो कहता है कि हम ''केवल विश्वास'' के द्वारा उद्धार *नहीं* पाते। यहां ऐसा लिखा हुआ है, ''सो तुम ने देख लिया कि मनुष्य केवल विश्वास से ही नहीं, वरन कर्मों से भी धर्मी[5] ठहरता है।''

कुछ पल के लिए याकूब 2:14-26 पढ़िये ताकि आप याकूब के तर्क के आधार को समझ सकें। विशेषकर 14, 17, 20, और 26 आयतों पर ध्यान दीजिए :

> हे मेरे भाइयो, यदि कोई कहे कि मुझे विश्वास है पर वह कर्म न करता हो,
> तो उससे क्या लाभ? क्या ऐसा विश्वास कभी उसका उद्धार कर सकता है? ...
> वैसे ही विश्वास भी, यदि कर्म सहित न हो तो अपने स्वभाव में मरा हुआ है।
> ... क्या तू यह भी नहीं जानता, कि कर्म बिना विश्वास व्यर्थ है? ... निदान,
> जैसे देह आत्मा बिना मरी हुई है वैसे ही विश्वास भी कर्म बिना मरा हुआ है।

उद्धार दिलाने वाला विश्वास मृत, व्यर्थ, बेकार विश्वास नहीं है अर्थात यह जीवित है और सक्रिय है।

पापों से मन फिरायें

एक तरीका जिससे सच्चा विश्वास अपने आप को व्यक्त करता है, वह है पश्चात्ताप। यीशु ने कहा, ''यदि तुम मन न फिराओगे तो तुम सब भी इसी रीति से नाश होगे'' (लूका 13:3)। पतरस ने अपने सुनने वालों को बताया, ''मन फिराओ, और तुम में से हर एक ... बपतिस्मा ले'' (प्रेरितों 2:38)। पौलुस ने कहा, ''परमेश्वर ... अब हर जगह सब मनुष्यों को मन फिराने की आज्ञा देता है'' (प्रेरितों 17:30)।

यीशु में हमारा विश्वास बढ़ने के साथ, हमें अपने आप को देखना चाहिए कि हम पापी हैं, जिन्हें उद्धार की आवश्यकता है।[6] इससे पश्चात्ताप उत्पन्न होना चाहिए।

पश्चात्ताप क्या है? कई लोग मन फिराने को पाप के लिए शोक मानते हैं। अन्य इसे जीवन में बदलाव मानते हैं। वास्तव में मन फिराने वाला व्यक्ति दु:खी *होगा* कि उसने पाप किया है, और उसका जीवन बदल *जाएगा,* परन्तु पश्चात्ताप अपने आप में इन दोनों के बीच खड़ा है।

ऊपर के रेखाचित्र में, ध्यान दें कि ईश्वरीय शोक पश्चात्ताप उत्पन्न करता है। दूसरा कुरिन्थियों 7:10 हमें बताता है कि ''परमेश्वर-भक्ति का शोक[7] ऐसा पश्चात्ताप उत्पन्न करता है जिसका परिणाम उद्धार होता है, ...।''[8] फिर ध्यान दें कि जीवन का बदलना पश्चात्ताप के कारण होता है। पौलुस जहां भी गया, उसने लोगों को बताया ''कि मन फिराओ और परमेश्वर की ओर फिर कर मन फिराव के योग्य काम करो'' (प्रेरितों 26:20)। पश्चात्ताप ईश्वरीय शोक के *बाद* और जीवन के बदलने से *पहले* आता है।

फिर, पश्चात्ताप क्या है ? अनुवादित यूनानी शब्द ''मन फिराव'' का अक्षरश: अर्थ है, ''नया मन पाना।'' यह *मन का परिवर्तित होना* है।

लोगों पर लागू करने पर पश्चात्ताप *पाप* के बारे में मन को बदलना है। जब किसी व्यक्ति को यह अहसास हो जाता है कि पाप से परमेश्वर का मन दुखी होता है, तो उसे पता चलता है कि पाप कितना भयंकर है। जब किसी को यह ज्ञान हो जाता है कि पाप के कारण यीशु को क्रूस पर मरना पड़ा, तो वह पाप से इन्कार करता है। अपने पापी होने के शोक से, वह निश्चय करता है कि, परमेश्वर की सहायता से वह एक उत्तम जीवन जीएगा। इस निर्णय को बाइबल में ''पश्चात्ताप'' कहा गया है।

सच्चे पश्चात्ताप का एक प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर हमेशा होगा। इससे सम्पूर्ण जीवन उत्पन्न नहीं होगा क्योंकि कोई भी सम्पूर्ण नहीं है; परन्तु यह उसकी बेहतरी के लिए उसके जीवन को बदल देगा। यदि जीवन में कोई बदलाव नहीं है तो सम्भवत: कोई पश्चात्ताप नहीं हुआ है।

पश्चात्ताप को ''मन परिवर्तन का सबसे कठिन भाग'' कहा गया है। यह सबसे कठिन भाग है क्योंकि यह जीवन शैली को बदलने की मांग करता है। बदलाव लाना कठिन ही नहीं बल्कि कष्टदायक भी है। तथापि, यदि हम उद्धार पाना चाहते हैं, तो हमें प्रभु की सहायता से बदलाव लाने की कोशिश करनी होगी।

मसीह का अंगीकार करें

एक और तरीका जो यीशु में विश्वास को स्वयं व्यक्त करता है, वह उस विश्वास का अंगीकार है। विश्वास और अंगीकार में एक घनिष्ठ सम्बन्ध रोमियों 10:9, 10 में देखा जाता है:

> ... यदि तू अपने मुंह से यीशु को प्रभु जानकर अंगीकार करे, और अपने मन से विश्वास करे, कि परमेश्वर ने उसे मरे हुओं में से जिलाया, तो तू निश्चय उद्धार पाएगा। क्योंकि धार्मिकता के लिए मन से विश्वास किया जाता है, और उद्धार के लिए मुंह से अंगीकार किया जाता है।[9]

यदि हम उद्धार पाना चाहते हैं तो हमारे लिए ''यीशु को प्रभु जानकर अंगीकार'' करना आवश्यक है। मसीह ने स्वयं अंगीकार की अनिवार्यता पर ज़ोर दिया:

> जो कोई मनुष्यों के साम्हने मुझे मान लेगा, उसे मैं भी अपने स्वर्गीय पिता के

साम्हने मान लूंगा। पर जो कोई मनुष्यों के साम्हने मेरा इन्कार करेगा उस से मैं भी अपने स्वर्गीय पिता के साम्हने इन्कार करूंगा (मत्ती 10:32, 33)।

''यीशु को प्रभु जानकर अंगीकार'' करने का क्या अर्थ है ? फिर से रोमियों 10 और मत्ती 10 में देखिए:

- यह यीशु में विश्वास का अंगीकार है (सो यह पापों का अंगीकार नहीं है[10])।
- यह मुंह से अंगीकार है (सो यह केवल जीवन से अंगीकार नहीं है[11])।
- यह दूसरों के सामने अंगीकार है (सो यह एक गुप्त अंगीकार नहीं है)।

विश्वास का एक अंगीकार मत्ती 16 में मिलता है: यीशु ने अपने चेलों से पूछा कि वे क्या सोचते थे कि वह कौन था। पतरस ने उसे उत्तर दिया, ''तू जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह है'' (मत्ती 16:16)। ''मसीह'' इब्रानी शब्द ''मसायाह'' का यूनानी रूप है, जिसका अर्थ है ''अभिषिक्त।'' यहूदी लोग सदियों से मसायाह की बाट जोह रहे थे। पतरस ने यीशु में परमेश्वर की ओर से भेजे गए मसायाह के रूप में विश्वास व्यक्त किया था। वाक्यांश ''जीवते परमेश्वर का पुत्र'' संकेत देता है कि पतरस समझ गया था कि यीशु ईश्वरीय है।

विश्वास का एक और अंगीकार प्रेरितों 8 में मिलता है। बपतिस्मे से पहले अंगीकार का यह दूसरा उदाहरण है। फिलिप्पुस कूश देश के एक अधिकारी को यीशु के बारे में सिखा रहा था।

> मार्ग में चलते-चलते वे किसी जल की जगह पहुंचे, तब खोजे[12] ने कहा, देख यहां जल है, अब मुझे बपतिस्मा लेने में क्या रोक है। [फिलिप्पुस ने कहा, यदि तू सारे मन से विश्वास करता है तो हो सकता है: उसने उत्तर दिया मैं विश्वास करता हूं कि यीशु मसीह परमेश्वर का पुत्र है।][13] तब उस ने रथ खड़ा करने की आज्ञा दी, और फिलिप्पुस और खोजा दोनों जल में उतर पड़े, और उसने उसे बपतिस्मा दिया (प्रेरितों 8:36-38)।

ध्यान दें कि इस अधिकारी के विश्वास का अंगीकार लगभग वैसा ही था जैसा मत्ती 16 में पतरस ने किया था। यह भी ध्यान दें कि यह अंगीकार ''मुंह से'' और ''मनुष्यों (वास्तव में एक मनुष्य, फिलिप्पुस) के सामने'' था।

बपतिस्मा लेने से पहले, आपको यीशु में अपने विश्वास का अंगीकार करना आवश्यक है। मसीह ने विश्वास को बपतिस्मे से पहले बताया (मरकुस 16:16)। इस कारण मैं किसी व्यक्ति को वचन के अनुसार यह सुनिश्चित करने से पहले कि वह विश्वास करता है बपतिस्मा नहीं दे सकता। मुझे कैसे पता चल सकता है कि वह विश्वास करता है ? उसी को मुझे बताना होगा।

लोगों को बपतिस्मा देने से पहले, आम तौर पर उनसे पूछा जाता है कि क्या वे विश्वास

करते हैं कि यीशु ही मसीह है व जीवते परमेश्वर का पुत्र है। कई तो सीधा सा उत्तर देते हैं, ''हां।'' अन्य अपने विश्वास को एक साधारण वाक्य में व्यक्त करते हैं। ''अच्छा अंगीकार'' (1 तीमुथियुस 6:12, 13)[14] करने के लिए दोनों ही ढंग मान्य हैं।

यकीनन ही, आपके मुंह से यीशु का अंगीकार आपके बपतिस्मा लेने के बाद भी जारी रहना चाहिए। आरम्भिक मसीही कई बार यीशु में अपने विश्वास की पुष्टि के लिए मछली के चिह्न का उपयोग करते थे:[15]

''मछली'' के लिए यूनानी शब्द इखथुस (*ichthus*) है। यूनानी के बड़े अक्षरों में लिखा हुआ, यह ऐसे दिखता है:

IΧΘΥΣ

शब्द में यूनानी अक्षर यीशु के नामों और शीर्षकों को प्रस्तुत करने के लिए उपयोग किए गए थे:

Ι – (अयोटा) ''यीशु'' के लिए यूनानी शब्द *Iesous,*[16] का पहला अक्षर है।
Χ – (खि) ''ख्रिस्तुस'' के लिए यूनानी शब्द *Christos,* का पहला अक्षर है।
Θ – (थीटा) यूनानी शब्द *Theou* जिसका अर्थ ''परमेश्वर का'' है, का पहला अक्षर है।
Υ – (उप्सिलोन) ''पुत्र'' के लिए यूनानी शब्द, *Uios* का पहला अक्षर है।
Σ – (सिगमा) ''उद्धारकर्ता'' के लिए यूनानी शब्द *Soter* का पहला अक्षर है।

इस साधारण चित्राक्षरी के उपयोग से आरम्भिक मसीही अपने विश्वास की पुष्टि करते थे कि यीशु ही मसीह था, कि वह परमेश्वर का पुत्र था, और यह कि वह उनका उद्धारकर्ता था।

सारांश

यह पाठ विश्वास के उत्तर पर केन्द्रित है। विश्वास जो पश्चात्ताप की ओर ले जाता है, विश्वास जो हम से यीशु मसीह का अंगीकार करवाएगा। अगले पाठ में, हम बपतिस्मे के उत्तर पर विचार करेंगे।

प्रश्न जो मैं अब पूछना चाहता हूं, वह यह है कि ''क्या आप यीशु में विश्वास करते हैं?'' अपने आप से यह प्रश्न पूछिए। क्या आप सचमुच विश्वास करते हैं कि वही मसीह, जीवते परमेश्वर का पुत्र है? क्या यह विश्वास आपके होंठों पर है? क्या इस विश्वास का आपके जीवन में कोई प्रभाव है? यीशु ने कहा था, ''यदि तुम विश्वास न करोगे कि मैं वही (परमेश्वर की ओर से भेजा गया मसीह) हूं, तो अपने पापों में मरोगे'' (यूहन्ना 8:24)।

पाद टिप्पणियां

[1]हिन्दी शब्द ''सुसमाचार'' और यूनानी शब्द जिस से यह लिप्यान्तरित हुआ है, का अक्षरश: अर्थ है ''शुभ समाचार।'' 1 कुरिन्थियों 15:1-4 में, पौलुस ने कहा कि इस शुभ समाचार का सार यीशु की मृत्यु, गाड़ा जाना और पुनरुत्थान है। [2]शब्द ''मसायाह'' एक इब्रानी शब्द है, जिसका अर्थ है ''अभिषिक्त।'' यहूदी राजाओं को मुकुट पहनने के स्वरूप उन्हें तेल के साथ अभिषेक किया जाता था और उन्हें ''परमेश्वर के अभिषिक्त'' कहा जाता था। यहूदी उस महान राजा, मसीह, जिसने अन्तत: अभिषिक्त राजा होना था, की बाट जोह रहे थे। यीशु वह मसीह था, परन्तु बहुत से यहूदियों ने इसे पहचाना नहीं। [3]यीशु में विश्वास परमेश्वर में विश्वास (इब्रानियों 11:6) और बाइबल में विश्वास को दिखाता है। ''अधिकार'' पर आरम्भिक पाठ देखिए। [4]एक राष्ट्र के रूप में, यहूदियों ने यीशु को मसीह के रूप में अस्वीकार कर दिया था। [5]ऐसा लगता है जैसे यह इफिसियों 2:9 में पौलुस की बात के विपरीत हो। तथापि, समझें, कि पौलुस *घमण्ड* के कामों की बात कर रहा था जबकि याकूब ने कर्मों को *विश्वास* की अभिव्यक्ति के रूप में कहा। [6]पिछला पाठ देखिए। [7]''परमेश्वर - भक्ति का शोक'' वह शोक है जो '' *परमेश्वर की इच्छा के अनुसार ...*'' हो। [8]2 कुरिन्थियों 7:10 में उल्लेखित ''संसारी शोक'' वह शोक है जिसमें कोई इसलिए दुखी होता है क्योंकि वह गलती करते हुए पकड़ा गया है, अथवा उसे अपने कृत्यों के परिणामस्वरूप कष्ट झेलना पड़ेगा। उसे इस प्रकार का शोक नहीं है जो उससे पाप करना *छुड़वा* दे। [9]कइयों का सुझाव है कि यह आयत ''केवल विश्वास से'' उद्धार की शिक्षा देती है। तथापि, ध्यान दें कि इस आयत में, *अकेला विश्वास* नहीं, बल्कि *विश्वास के साथ* कुछ और भी है जिससे उद्धार होता है। इस आयत में, विश्वास के साथ अंगीकार है। अन्य आयतों में यह विश्वास के साथ पश्चात्ताप, विश्वास के साथ बपतिस्मा, अथवा कोई और मेल है। विश्वास के साथ का अर्थ है कि विश्वास अकेला नहीं है। उद्धार के सम्बन्ध में जो बाइबल कहती है, हमें उस *सब* पर विचार करना होगा। [10]पापों के अंगीकार पर हम बाद में विचार करेंगे, जब हम यह बात करेंगे कि एक मसीही अपने पापों से कैसे क्षमा पाता है, परन्तु मसीही बनने से पहले पापों के अंगीकार की आवश्यकता नहीं है। बपतिस्मा लेने की बिनती करते हुए, वह कहता है, ''मैं एक पापी हूं और मुझे उद्धार की आवश्यकता है।''

[11]अपने *जीवनों* के द्वारा यीशु का अंगीकार करना आवश्यक है, परन्तु रोमियों 10 और मत्ती 10 का यह अर्थ नहीं है। [12]''खोजे'' का साधारण अर्थ ''बधिया किया हुआ नर'' है। मूर्तिपूजक लोग आम तौर पर प्रलोभन को दूर करने के उपाय में खोजों को उच्च अधिकारी बनाते थे। [13]यह आयत कोष्ठकों में दी गई है क्योंकि कुछ अनुवादों में यह आयत शास्त्र में न होकर पादटिप्पणियों में दी गई है। किसी भी स्थिति में, अधिकतर विद्वान सहमत हैं कि यह आयत आरम्भिक कलीसिया के बपतिस्मे से पहले विश्वास के अंगीकार के व्यवहार को दिखाती है। [14]यीशु ने ''अच्छा अंगीकार'' करते हुए (1 तीमुथियुस 6:13), केवल उसकी पुष्टि की जो पिलातुस ने कहा (मत्ती 27:11) था। [15]इस चिह्न के बारे में हमें सैक्यूलर इतिहास से पता चलता है, बाइबल से नहीं। अक्सर आरम्भिक मसीहियों की कब्रों पर मछली का चिह्न मिलता है। [16]इस सूची में कई यूनानी शब्दों का उच्चारण विशेष चिह्नों से प्रभावित हुआ है, जिसे मैंने अपने लिप्यान्तरण में दोहराने की कोशिश नहीं की और यूनानी भाषा में दो अलग प्रकार के ''इ'' और ''ओ'' हैं, परन्तु मैंने उनमें कोई अन्तर नहीं किया।